Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide financial assistance to people of Bhind (Madhya Pradesh) affected by excess water released by a barrage situated in Rajasthan.

श्रीमती संध्या राय (भिंड): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भिंड, मध्य प्रदेश में विगत 15-16 नवंबर को अत्यधिक वर्षा हुई । कोटा बैराज और राजस्थान की चंबल नदी में लगातर अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई । इसके कारण आठ विधान सभा के छोटे एवं सीमांत किसानों की हजारों एकड़ की फसल बर्बाद हुई, इसके साथ ही सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हुए, सड़कें बिल्कुल समाप्त हो चुकी हैं और बेजुबान मवेशियों को कष्ट झेलना पड़ा है । वहां कई मवेशियों की मौत भी हो गई है । मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूं कि मध्य प्रदेश के भिंड जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने और सड़कों की मरम्मतीकरण के लिए आर्थिक सहायता देनी चाहिए । वहां जिनके मकान बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उनके भवनों के जीर्णोद्धार कराने के साथ-साथ मवेशियों को चारा आदि उपलब्ध कराने के लिए भी मैं सरकार से आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग करती हूं । जिन किसान भाई-बहनों की फसल बर्बाद हुई है, उनके लिए भी मैं मुआवजे की मांग करती हूं । महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने के लिए समय दिया, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं ।